<u>कार्यालय :— न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय जिला धमतरी (छ.ग.)</u>

// सूचना //

कुटुंब न्यायालय, धमतरी स्थापना में परामर्शदाता के रिक्त **04 पदों** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, परामर्शदाता के पद हेतु आवेदक, आवेदन पत्र के साथ नीचे दिये गये अर्हता अनुसार प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न कर कार्यालय कुटुंब न्यायालय, धमतरी में <u>दिनांकः 10/01/2024 की संध्या 05:00 बजे</u> तक प्रस्तुत करेंगे:—

<u>आवश्यक अर्हताऍ —</u>

01. कोई भी व्यक्ति जिसके पास एक विषय के रूप में समाज विज्ञान या मनोविज्ञान के साथ किसी **मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की उपाधि (डिग्री) हो और विशेषतः समाज कार्य, बाल मनोविज्ञान या कुटुंब संबंधी परामर्श से न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव हो, परामर्शदाता** के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होगाः—

परंतु शैक्षणिक अर्हताएं/ न्यूनतम अनुभव में, **उच्च न्यायालय के परामर्श** से राज्य सरकार आपवादित परिस्थितियों में छूट दी जा सकेगीः—

परंतु यह और कि अपेक्षित अर्हता रखने वाली **महिलाओं को प्राथमिकता** दी जा सकेगी।

परंतु यह और भी कि कोई भी व्यक्ति परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति के लिए तभी पात्र होगा, जब उसने **35 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और वह 60 वर्ष** की आयु से कम हो।

02. **किसी अभ्यर्थी को** जो —

(क) एक न्यायाधीश रहा हैं, या

(ख) कुटुंब संबंधी विषयों में परामर्श का अनुभव रखता हो, अन्य बाते समान होने पर नियुक्ति के मामलें में **प्राथमिकता** दी जायेगी ।:

20-12-2023

(विनोद कुमार देवांगन)
न्यायाधीश
कुटुंब न्यायालय,धमतरी (छ0ग0)
20/12/2023